खेल एक नज़र में

मोहन बागान, जिसका एक खिलाड़ी दो करोड़ का, वह हार गया आईजोल से:

कोलकाता के दिग्गज फुटबॉल क्लब मोहन बगान को आइजॉल के फुटबॉल क्लब से मात मिली है, मिजोरम की राजधानी आइजॉल फुटबॉल क्लब ने मोहन बागान को मात देकर एक नया इतिहास लिख दिया है, अगर देश में फुटबॉल की बात हो तो मोहन बागान का नाम सबसे पहले आता है, इस दिग्गज टीम को हराने के लिए किसी भी टीम को पसीने छूट जाते हैं, लेकिन आइजॉल फुटबॉल क्लब ने मोहन बागान को हराकर इतिहास लिखा है, शनिवार को आइजॉल के राजीव गांधी स्टेडियम में खेले गए मैच में देश के दिग्गज क्लब मोहन बगान को 1-0 से मात देकर आइजॉल ने इतिहास रच दिया। यह क्लब पहली बार आईलीग टाइटल जीतने के बेहद करीब है, जीत का ऐलान होते ही स्टेडियम में मौजूद 11 हजार से ज्यादा मिजो खुशी से उछल पड़े।

101 साल की मनकौर ने भारत को दिलाया गोल्ड मेडल

भारत की 101 साल की धाविका मन कौर ने उम्र को धता बताकर विश्व मास्टर्स खेलों में 100 मीटर की फर्राटा दौड़ का स्वर्ण पदक जीता जो उनके करियर का कुल 17 वां स्वर्ण पदक है।

सरना ावलयम्स न ाकया एलान - मा बनने वाली हैं :

टेनिस धुरंधर सेरेना विलियम्स इस साल मां बनने वाली है जिसका ऐलान उनके द्वारा किया गया, उनके प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि की हालांकि वह स्नैपचैट पोस्ट में पहले ही संकेत दे चुकी थी। लास एंजीलिस स्थित प्रवक्ता कैली बुश नोवाक ने एक बयान में कहा मुझे खुशी है कि इस साल के आखिर में सेरेना मां बनने वाली है, वह इस साल आगे नहीं खेलेगी लेकिन 2018 में वापसी करेगी।



ाबग शा आर ब्रान स्ट्रामन न लड़त-लड़त तोड़ दिया WWE का रैसलिंग रिंग

विश्व के सबसे बड़े एथलीट कहे जाने वाले बिग शो को जायंटशो भी कहा जाता है, दो बार डब्ल्यूसीडब्ल्यू वर्ल्ड हैवीवेट चैम्पियन और यह टाइटिल पाने वाले सबसे कम उम्र के कुश्तीबाज होने के अलावा वे तीन बार डब्ल्यूसीडब्ल्यू वर्ल्ड टैग टीम चैम्पियनशिपविजेता और 1996 के वर्ल्ड वार 3 के विजेता हैं। 7 फीट 1 इंच लंबे कद और 485 पौंड,220 कि.ग्रा. के बिग शो को रेसलिंग की दुनिया का ऐसा नाम है, जिसे हर कोई जानता है, बिग शो ने रेसलिंग रिंग में ऐसे कई कारनामे किए हैं, जिन्हें देखकर हर कोई हैरान रह जाता है। बता दें कि बिग शो का करियर लगभग खत्म होने वाला है, लेकिन उससे पहले भी बिग शो फैंस के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार है, बिग शो एक ऐसे सुपरस्टार है जिसने 3 बार डब्ल्यूडब्ल्यूई का रिंग तोड़ा है, बिग शो के विरोधी बदल गए है, लेकिन बिग शो अब भी वैसे ही है, दरअसल, इस रॉ के एपिसोड में ब्रॉन स्ट्रोमैन बैकस्टेज कुछ सुपरस्टार को मार रहे थे तभी बिग शो ने उन्हें चैलेंज कर दिया, मैच का ऐलान किया गया और इसे रॉ का मेन इवेंट रखा गया, मैच में स्ट्रोमैन कई मौकों पर भारी दिखे थे, इस मैच में बिग शो और स्ट्रोमैन दोनों रिंग के टॉप पर बैठ गए थे, टॉप रोप से ब्रॉन स्ट्रोमैन ने बिग शो को जबरदस्त सुपलेक्स दिया और रिंग को तहस-नहस कर दिया, हालांकि, स्ट्रोमैन तो उठ कर चले गए, लेकिन बिग शो की हालत खराब दिखी। रॉ मैच के दौरान ब्रॉन स्ट्रोमैन द्वारा बिग शो को टॉप रोप से सुपरप्लैक्स दिए जाने की घटना को रैसलिंग फैंस देख चुके हैं, सभी ने ब्रॉन स्ट्रोमैन और बिग शो की तारीफ की और उनके बारे में बात की, लेकिन कम ही लोगों का ध्यान रैफरी की ओर गया। दरअसल, जब ब्रॉन स्ट्रोमैन बिग शो को सुपरप्लैक्स दे रहे थे, उस वक्त रैफरी जॉन कोन रोप पकड़कर खड़े हुए थे, जैसे ही रिंग टूटी वैसे ही जॉन कोन का संतुलन बिगड़ गया और वो कमर के बल नीचे जा गिरे, जॉन सीना को गर्दन के पिछले हिस्से में हल्की चोट आई है।

जहीर खान ने चक दे इंडिया की अभिनेत्री सागरिका घाटगे से की सगाई

नइ ादल्ला: इटरनट वल्ड म भारतीय क्रिकेटर जहीर खान और बॉलीवुड अभिनेत्री सागरिका घाटगे के बीच रिलेशनशिप को लेकर काफी दिनों से चर्चा चल रही थी, लेकिन उन चर्चाओं पर मुहर लग गई, जब तेज गेंदबाज जहीर ने ट्विटर पर चक दे इंडिया की अभिनेत्री से अपनी सगाई की घोषणा कर दी। जहीर इस समय आईपीएल की टीम दिल्ली डेयरडेविल्स की कप्तानी कर रहे हैं, उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट पर सागरिका घाटगे के साथ तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, कभी भी अपनी पत्नी की पसंद पर मत हंसो, तुम भी उसमें से एक हो, पूरी जिंदगी के जीवनसाथी एनगेज्ड सागरिका घाटगे।। पिछले साल दोनों को युवराज सिंह और हेज़ल कीच की शादी में भी एक साथ देखा गया था, तभी से उनके बीच की रिलेशनशिप की चर्चाएं होने लगी थीं। हालांकि तब सागरिका ने कहा था कि, मुझे फर्क नहीं पड़ता कि लोग मेरे बारे में क्या सोचते हैं, मैं जैसी हूं वैसी ही रहूंगी, इसके बाद युवराज ने सागरिका के फिल्म इरादा के रिलीज होने के वक्त जहीर को लेकर एक मजाकिया ट्वीट भी किया था, तब से ही इस बाद के कयास लगाए जा रहे थे कि, दोनों जल्दी ही अपने संबंध का सार्वजनिक ऐलान कर सकते हैं, ऐसा कहा जाता है कि जहीर खान काफी समय से सागरिका से दोस्ती करने के इच्छुक थे, जिसके बाद पूर्व क्रिकेटर बिशन सिंह बेदी के बेटे और बॉलीवुड अभिनेता अंगद बेदी ने दोनों की मुलाकात कराई थी। बता दें कि चक दे इंडिया फिल्म में हॉकी खिलाड़ी प्रीति सबरवाल का किरदार निभा रही सागरिका फिल्म में क्रिकेटर से शादी के लिए मना कर देती हैं, लेकिन असल जिंदगी में उन्होंने एक क्रिकेटर को ही अपना हमसफर चुना है।

राफेल नडाल एटीपी रैंकिंग में पांचवें नंबर पर

मेड्रिड: स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल सोमवार को जारी टेनिस पेशेवर संघ एटीपी रैंकिंग में पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं, वहीं ब्रिटेन के एंडी मरे शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं, समाचार एजेंसी एफे के मुताबिक नडाल को हाल ही में मोंटे कार्लो रोलेक्स मास्टर्स का खिताब जीतने का फायदा मिला है, उन्होंने फाइनल में अल्बर्ट रामोस विनोलास को मात दी थी, सर्बिया के नोवाक जोकोविक दूसरे स्थान पर बने हुए हैं, तीसरे और चौथे स्थान पर स्विट्जरलैंड के दो खिलाड़ी स्टान वावरिंका और रोजर फेडरर हैं, कनाडा के मिलोस राओनिक को छठा स्थान हासिल है, जापान के शीर्ष खिलाड़ी केई निशिकोरी को सातवां और क्रोएशिया के मारिन सिलिक को आठवां स्थान मिला है, नौवें और दसवें स्थान पर क्रमशः आस्ट्रिया के डोमिनिक थीम, बेल्जियम के डेविड गोफिन हैं। मोंटे कार्लो खिताब 10वीं बार जीतने वाले स्पेन के दिग्गज खिलाड़ी राफेल नडाल का कहना है कि ये दिन उनके करियर का सबसे महत्वपूर्ण दिन रहा, नडाल ने रविवार को पुरुष एकल वर्ग के खिताबी मुकाबले में हमवतन एल्बर्ट रामोस विनोलास को सीधे सेटों में 6.1,6.3 से हराया। नडाल ने कहा, यह अविश्वसनीय है, इस प्रकार के महत्वपूर्ण टूर्नामेंट को 10वीं बार जीतने के एहसास को बता पाना मुश्किल है, हर साल एक अलग एहसास होता है, मेरे लिए यह पल खास भी और मेरे करियर का सबसे महत्वपूर्ण भी है। नडाल 1968 के बाद ओपन एरा में कोई खिताब 10 बार जीतने वाले पहले खिलाड़ी भी बन गए, क्ले कोर्ट पर उनका यह 50वां खिताब है और करियर का 70वां खिताब, नडाल के करियर का यह 29वां एटीपी वर्ल्ड टूर मास्टर्स 1000 खिताब भी है, किसी एक टूर्नामेंट में सर्वाधिक खिताब जीतने का रिकॉर्ड भी इससे पहले नडाल और गुइलेर्मो विलास के नाम संयुक्त रूप से थाण् नडाल बार्सिलोना ओपन खिताब भी नौ बार जीत चुके हैं, जो उनकी अगली प्रतियोगिता भी है। उन्होंने कहा, मेरे पास यह ट्रॉफी है, और इसे हासिल करने में थोड़ा बहुत हिस्सा मेरे भाग्या का भी रहा है, मैं अपने आपको इतने साल तक स्वस्थ रूप से टेनिस खेलते रहने के लिए भाग्यशाली मानता हूं, इसमें कोई शक नहीं है कि मैं एक बार फिर इस खिताब को जीतकर बेहद खुश हूं।

पजामा बेचकर भी खरीदूंगा ऐसा खिलाड़ी - किंग खान

नइ ादल्ला: महद्र ासिह धाना न शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी आतिशी पारी खेलते हुए 34 गेंदों में 61 रन बनाकर पुणे को छह विकेट से जीत दिलाई, धोनी की इस फिनिशिंग पारी ने सभी आलोचकों के मुंह पर ताले जड़ दिए, धोनी ने दिखा दिया वे कमजोर नहीं पड़े हैं, राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स और हैदराबाद सनराइजर्स के बीच हुए शनिवार के मैच में उन्होंने एक बार फिर बता दिया कि उन्हें बेस्ट फिनिशर क्यों कहा जाता है, धोनी ने मैच के दौरान अहम वक्त में 34 गेंदों पर तीन छक्के और पांच चौके लगाए और 61 रन बनाकर हैदराबाद सनराइजर्स को 6 विकेट से हरा दिया, बॉलीवुड के किंग खान कहे जाने वाले शाहरुख खान भी धोनी के कायल हैं, शाहरुख खान ने भी धोनी की काफी तारीफ की है, शाहरुख ने धोनी की तारीफ करते हुए कहा है कि वो अगली बार आईपीएल के ऑक्शन में किसी भी हाल में धोनी को खरीदना चाहेंगे, उन्होंने कहा यार मैं तो उसको अपना पजामा बेच के भी खरीद लूं , वो आए तो ऑक्शन में। बता दें कि धोनी की बेहतरीन पारी के बाद सोशल मीडिया पर भी उनकी वाहवाही होने लगी अर्धशतकीय पारी खेलने वाले धोनी ने पुणे को उस स्थिति पर जीत के करीब ले गए, जब 30 बॉल पर 62 रन चाहिए था, 19व आवर म भुवा गेंदबाजी करने आए थे, उस वक्त टीम 12 गेंदों पर 30 रन चाहिए था, इस ओवर में धोनी ने 2 चौके एक छक्का जड़कर अपनी फिफ्टी पूरी की, साथ ही इस ओवर में कुल 19 रन बने, आखिरी ओवर के आखिरी गेंद पर धोनी ने चौका जड़कर मैच भी जिताया।

गौरतलब है कि आईपीएल के अगले सीजन में दस साल के कॉन्ट्रैक्ट के बाद एक बार फिर से सभी खिलाड़ियों की दोबारा से नीलामी होगी ऐसे में अगले साल आईपीएल नीलामी में पूर्व भारतीय कप्तान धोनी सबसे बड़े चेहरे के रूप में मौजूद होंगे, 35 वर्षीय धोनी की सेवाओं के लिए निलंबन के बाद वापसी करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स और नाइट राइडर्स के बीच बोली को लेकर मुकाबला देखना दिलचस्प होगा इसके अलावा अपने व्यस्त कार्यक्रमों के चलते अपनी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को वक्त न दे पाने के कारण शाहरुख ने निराशा जाहिर की है, शाहरुख ने कहा मैं टीम के अधिकांश मैचो में भाग लेना चाहता हूं , लेकिन दुर्भाग्य से काम की वजह से मैंने कई मैच मिस किए, हालांकि इंशाअल्लाह इम्तियाज अली की फिल्म आईपीएल के खत्म होने के बाद शुरू होगी, इसलिए अब मैं अधिक मैचो में भाग ले सकता हूँ।

Business News / बिजनेस न्यूज

इंडियन रेलवे का जून में लॉन्च होगा हिंदीरेल ऐप एवं सम्बंधित सुविधाएं :

रेल मंत्रालय जून में एक नया मेगा ऐप्प लांच करने जा रहा है। इस नए ऐप के लांच हो जाने के बाद हर तरह की जानकारी आसानी से मिलेगी और यात्रियों को सफर के दौरान होने वाली कई दिक्कतों से भी निजात मिलेगी। जून माह में ट्रेन से संबंधित सभी प्रश्नों के उत्तर एक मेगा ऐप के जरिए मिल सकेंगे, जिसका नाम हिंदरेल रखा जा सकता है। इस मेगा ऐप में रेलवे के अभी तक के सारे ऐप शामिल किए जाएंगे।

नीति आयोग का अनुमान :

साल 2030 तक 7250 अरब डॉलर की हो सकती है भारतीय अर्थव्यवस्था, देश में 8 प्रतिशत सालाना वृद्धि दर के हिसाब से अर्थव्यवस्था का आकार 2030 तक तीन गुना से अधिक 7250 अरब डॉलर या 469 लाख करोड़ रुपए हो जाने का अनुमान है, नीति आयोग ने यह अनुमान जताया है।

जनवरी से दिसंबर होगा वित्त वर्ष?

पीएम मोदी की जनवरी से दिसंबर को वित्त वर्ष बनाने की अपील, जीएसटी को जल्द लागू करने पर ज़ोर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वित्त वर्ष जनवरी से दिसंबर किये जाने का सुझाव है। बजट पेश करने की तारीख में बदलाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जब हमारे देश में कृषि आय महत्वपूर्ण है, तो ऐसे में संबंधित वर्ष की कृषि आय की प्राप्ति के बाद तुंरत बजट तैयार किया जाना चाहिए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जीएसटी को एक जुलाई से लागू करने के लिये राज्यों को संबंधित विधेयक पारित कराने के लिये बिना देरी के पहल करनी चाहिए।

अमेरिका का आरोप :

अमेरिका का आरोप, टीसीएस और इंफोसिस कर रहा है एच 1 बी वीज़ा नियमों का उल्लंघन, अमेरिका ने शीर्ष भारतीय आईटी कंपनियों टीसीएस और इंफोसिस पर लॉटरी प्रणाली में ज्यादा टिकट डाल कर एच 1 बी वीजा का एक बड़ा हिस्सा हथियाने का आरोप लगाया है, अमेरिका का ट्रंप प्रशासन वीजा नियमों को और सख्त बनाने में लगा है।

क्या सेवा शुल्क होटल कर्मचारियों तक पहुंचता है?

उपभोक्ता मामलों के मंत्री राम विलास पासवान ने कहा, क्या सेवा शुल्क होटल कर्मचारियों तक पहुंचता है? सेवा शुल्क को स्वैच्छिक रखे जाने की बात पर कायम रहते हुए उपभोक्ता मामलों के मंत्री राम विलास पासवान ने कहा कि यदि कोई ग्राहक स्वेच्छा से इसका भुगतान कर भी देता है तो होटलों को यह सार्वजनिक करना चाहिए कि वास्तव में कर्मचारियों तक कितनी राशि पहुंचती है। उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते सरकार ने होटल या रेस्तरां के बिल पर सेवाशुल्क देने को ग्राहकों का ऐच्छिक विकल्प बनाने के नए दिशानिर्देशों को अनुमति दी थी।

अब हिन्दी में भी भर सकेंगे पासपोर्ट के आवेदन

नई दिल्ली: पासपोर्ट की जरूरत हर किसी को पड़ती है लेकिन इसके लिए आवेदन करते समय तमाम लोगों को अंग्रेजी भाषा में भरने की वज़ह से दिक्कत आती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा अब हिंदी में पासपोर्ट के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। विदेश मंत्रालय ने इसके लिए पासपोर्ट वेबसाइट पर सेवा को शुरू कर दिया है, इससे उन लोगों को पासपोर्ट के लिए आवेदन करना आसान हो जाएगा, जिनको अंग्रेजी भाषा में पासपोर्ट का आवेदन करना मुश्किल काम लगता था। विदेश मंत्रालय द्वारा यह कदम राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी द्वारा आधिकारिक भाषा के लिए बनाई गई समिति की सिफारिशों को स्वीकार करने के बाद उठाया गया है, 2011 में रिपोर्ट सौंपी गई, पैनल द्वारा दिए गए सुझाव में कहा गया था कि सभी पासपोर्ट कार्यालयों में हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में फॉर्म उपलब्ध कराए जाने चाहिए और हिंदी भरे गए आवेदनों को स्वीकार किया जाना चाहिए, इसके साथ ही पनल न अपना ासफारश म कहा था कि सभी पासपोर्ट में एंट्री भी हिंदी में होनी चाहिए। एक आधिकारिक आदेश के मुताबिक राष्ट्रपति द्वारा हाल ही में इन सिफारिशों को स्वीकार किया गया है, जिसके बाद अब लोग हिंदी में भी पासपोर्ट के लिए आवेदन कर सकेंगे। आवेदनकर्ता वेबसाइट पर हिंदी में मौजूद को फॉर्म डाउनलोड कर सकता है और हिंदी में फॉर्म को भरकर वेबसाइट पर अपलोड करके पासपोर्ट के लिए अप्लाई कर सकता है, फॉर्म का भरा हुआ प्रिंट आउट पासपोर्ट सेवा केंद्र और स्थानीय पासपोर्ट ऑफिस में स्वीकार नहीं करेंगे, जो लोग हिंदी में पासपोर्ट के लिए आवेदन करना चाहते हैं उनको पासपोर्ट विभाग की वेबसाइट पर जाना होगा, इसके बाद अपने आप को रजिस्टर करना होगा, रजिस्ट्रेशन प्रोसेस करने के बाद दिए गए ई-फार्म को अपने लैपटॉप या फिर डेस्कटॉप पर डाउनलोड करना होगा, इसके बाद इस फॉर्म को भरना होगा और पूरा फॉर्म भरकर के अपलोड करना होगा। इसके बाद ऑनलाइन तरीके से फीस जमा करनी होगी, इसके बाद डॉक्यूमेंट्स की जांच और पुलिस वेरिफिकेशन होने के बाद आपके पास पासपोर्ट पहुंच जाएगा।

थोक बाजार में चीनी की कीमतों में गिरावट

नई दिल्ली: सरकार द्वारा चीनी स्टॉक रखने की सीमा को और छह महीने बढ़ाने के फैसले की वजह से चीनी मिलों की निरंतर आपूर्ति के कारण पर्याप्त स्टॉक जमा होने के बाद राष्ट्रीय राजधानी के थोक चीनी बाजार में बीते सप्ताह भी गिरावट जारी रही और कीमतों में 50 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट आई। बाजार सूत्रों ने कहा कि सरकार द्वारा बाजार में चीनी की उपलब्धता को बढ़ाने और बढ़ती कीमतों को रोकने के लिए जून माह के मध्य तक पांच लाख टन तक कच्ची चीनी का शुल्क मुक्त आयात की अनुमति देने की घोषणा तथा चीनी का स्टॉक रखने की सीमा को बढ़ाकर अक्टबूर 2017 तक करने के कारण लगातार दूसरे सप्ताह चीनी कीमतों पर दबाव रहा, इसी प्रकार चीनी के मिल डिलीवरी एम.30 और एस.30 की कीमतें 50.50 रुपए की गिरावट के साथ सप्ताहांत में क्रमशः 3,530-3,630 रुपए और 3,520-3,620 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुई। शुल्क सहित चीनी मिलगेट खंड में चीनी किन्नौनी की कीमत 50 रुपए की गिरावट के साथ 3,630 रुपए प्रति क्विंटल रह गई, जबकि चीनी दोराला और धामपुर की कीमतें 40-40 रुपए की गिरावट के साथ क्रमशः 3,590 रुपए और 3,560 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुई, चीनी बुढ़ाना, थाना भवन और धनोरा की कीमतें 35.35 रुपए की गिरावट के साथ क्रमशः 3,605 रुपए, 3,600 रुपए और 3,615 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुई, जबकि चीनी अस्मोली, सिम्भौली, सकोटी, खतौली और चांदपुर की कीमतें 30.30 रुपए की गिरावट के साथ क्रमशः 3,610 रुपए, 3,620 रुपए, 3,570 रुपए, 3,610 रुपए और 3,570 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुई। चीनी नजीबाबाद और मोदीनगर 15.15 रुपए की गिरावट के साथ क्रमशः 3,535 रुपए और 3,585 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुई, चीनी रामाला, मोरना और बागपत की कीमतें 10.10 रुपए की गिरावट के साथ क्रमशः 3,540 रुपए, 3,545 रुपए और 3,550 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुई, जबकि चीनी अनूपशहर की कीमत पांच रुपए की गिरावट के साथ 3,535 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुई, दूसरी ओर चीनी तैयार एम.30 और एस.30 की कीमतों ने फुटकर विक्रेताओं का ध्यान आकर्षित किया और इनकी कीमतें 50-50 रुपए की तेजी के साथ क्रमशः 3,870-3,930 रुपए और 3,860-3,920 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुई।

3AC कोचेस् की संख्या बढाएगा रेल्वे

नई दिल्ली: रेलवे एयर कंडीशन्ड कोचों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए लंबी दूरी की ट्रेनों में 3एसी कोचों की संख्या बढ़ाएगा, रेलवे के आंकड़ें दिखाते हैं कि एक अप्रैल 2016 से 10 मार्च 2017 के बीच लंबी दूरी की ट्रेनों में 3एसी कोचों में 17 फीसदी यात्रियों ने सफर किया जो यात्री भाड़े से हुई सारी आमदनी का 32.60 फीसदी है। स्लीपर क्लास की मांग में अब कमी का चलन देखा जा रहा है, क्योंकि अधिक यात्री 3एसी को अपना रहे हैं, रेलवे मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि कुछ लंबी दूरी की ट्रेनों में धीरे-धीरे 3एसी कोचों की संख्या को बढ़ाने का फैसला किया है, रेलवे ने हाल ही में हमसफर एक्सप्रेस शुरू की थी जिसमें केवल 3एसी कोच थे और इसके सकारात्मक परिणाम मिले। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले वर्ष 16.69 फीसदी के मुकाबले इस वर्ष यात्रियों की भागीदारी 17.15 फीसदी होने से 3एसी की मांग बढ़ रही है, पिछले वर्ष एक अप्रैल 2016 से दस मार्च 2017 के बीच यात्रियों से होने वाली आय भी 32.60 फीसदी से बढ़कर 33.65 फीसदी हो गयी, जो कि 1 प्रतिशत के करीब है।